तीनों सेनाओं की महिला टीम ने रचा इतिहास

314 दिन की विश्व यात्रा पूरी, महिला अफसरों का सम्मान

- समुद्र प्रदक्षिणा की वीरांगनाओं को राजनाथ का सम्मान
- विश्व परिक्रमा कर लौटीं महिला अधिकारी
- पिछले वर्ष 11 सितंबर को वीसी के माध्यम से रवाना किया गया था

नई दिल्ली 30 जुलाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की नौ महिला अधिकारियों को सेना के नौकायन पोत (आईएएसवी) त्रिवेणी पर पहली त्रि-सेवा सर्व-महिला विश्व परिक्रमा नौकायन अभियान समुद्र प्रदक्षिणा सफलतापूर्वक पूरा करने पर सम्मानित किया.

श्री सिंह ने यहां अधिकारियों से बातचीत के दौरान 314 दिनों में चार महासागरों में लगभग 25,500 समुद्री मील की यात्रा पूरी करने के लिए उनकी सराहना करते हुए इसे नारी शक्ति और त्रि-सेवा संयुक्तता का प्रतीक बताया, जो पूरे देश को प्रेरित करेगा. महिला अधिकारियों ने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण यह अभियान देश का गौरव बढ़ाने के उनके संकल्प के कारण यादगार और संतोषजनक बन गया. महिला अधिकारियों की क्षमता और आत्मविश्वास को अविश्वसनीय बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस अभियान ने उन रूढ़ियों को तोड़ दिया है, जिनमें माना जाता था कि महिलाएं कठिन सैन्य अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा नहीं कर सकतीं. उन्होंने कहा कि शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता का लिंग से कोई संबंध नहीं है तथा भारत की हर बेटी उनकी उपलब्धि से प्रेरणा ले सकती है.

> श्री सिंह ने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना के अधिकारियों ने एक ही ध्वज के नीचे एक साझा उद्देश्य के लिए साथ मिलकर नौकायन किया, जिससे यह सिद्ध हुआ कि सामूहिक प्रयास से कोई भी क्षितिज बहुत दूर नहीं होता. उन्होंने विभिन्न देशों की यात्रा के दौरान भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, स्वदेशी क्षमताओं और तकनीकी प्रगति का प्रदर्शन करने के लिए भी टीम की सराहना की.

गोली तो कांग्रेस सरकार में चली थी

गृह मंत्री अमित शाह पर गलत आरोप लगाए गए : बृजलाल

नई दिल्ली, 30 जुलाई. राज्यसभा में सार्वजनिक परीक्षा संशोधन विधेयक, 2026 पर हुई चर्चा के दौरान भाजपा सांसद बृजलाल ने सरकार के प्रस्तावित प्रावधानों का जोरदार समर्थन किया. उन्होंने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए यह कानून समय की जरूरत है और इससे लाखों युवाओं के हितों की रक्षा होगी.

अपने संबोधन में बृजलाल ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि गृह मंत्री अमित शाह पर गलत आरोप लगाए गए हैं. उनके अनुसार, सरकार ने आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं और देश में आतंकवाद तथा नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है. उन्होंने दावा किया कि गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है. भाजपा सांसद ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भी पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना वर्तमान सरकार से की. उन्होंने कहा कि गोलियां कांग्रेस सरकार में चली थीं और उस समय हिंसा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति अधिक गंभीर थी.

वास्तविक एजेंसी देश का नाम रोशन कर रही

राज्यसभा में गुरुवार को एंटी-पेपर लीक बिल और अन्य राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई. इसी दौरान भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के एक बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि कुछ बयानों से समाज में भ्रम और विद्वेष का माहौल बन सकता है, इसलिए सार्वजनिक मंचों पर जिम्मेदारी के साथ बात रखनी चाहिए. सुधांशु त्रिवेदी ने सदन में कहा कि सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लगातार कदम उठा रही है. उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी समस्याओं पर सख्त कार्रवाई की जा रही है ताकि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ न्याय हो सके. सुधांशु ने इस दौरान देश की युवा पीढ़ी का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि आज की वास्तविक जेन-जी केवल शिकायत करने वाली पीढ़ी नहीं है, बल्कि अपनी प्रतिभा, मेहनत और नवाचार के जरिए भारत का नाम दुनिया में रोशन कर रही है.

अब आक्रांताओं का महिमामंडन बंद

गाजीपुर में सपा-कांग्रेस पर बरसे योगी

लखनऊ, 30 जुलाई। गाजीपुर दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास परियोजनाओं की सौगात देने के साथ-साथ विपक्ष पर भी तीखा राजनीतिक हमला बोला. उन्होंने 692 करोड़ रुपये की 268 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और स्वीकृति पत्र भी वितरित किए.



अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस ने भारत के राष्ट्रीय नायकों को सम्मान देने के बजाय विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन किया, जिससे समाज में पहचान का संकट पैदा हुआ. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महाराजा सुहेलदेव के सम्मान में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं. उनके अनुसार, बहराइच के चित्तौरा में महाराजा सुहेलदेव की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई, उनके नाम पर मेडिकल कॉलेज और आजमगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना की गई, साथ ही सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस और स्मारक डाक टिकट जैसी पहलें भी की गईं.

योगी ने कहा कि जो समाज अपने राष्ट्रीय नायकों का सम्मान करता है, वही आगे बढ़ता है.

> उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने महाराजा सुहेलदेव, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर और संत रविदास जैसे महापुरुषों के नाम पर बने संस्थानों के नाम तक बदल दिए थे. योगी ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में सुधार का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और सड़क नेटवर्क के विस्तार से गाजीपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति मिली है. साथ ही उन्होंने दावा किया कि राज्य में अब दंगे और कर्फ्यू का दौर समाप्त हो चुका है तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है.

चलो संसद प्रदर्शन में एआई कनेक्शन की जांच

नई दिल्ली, 30 जुलाई. 20 जुलाई को दिल्ली में आयोजित 'चलो संसद' प्रदर्शन के दौरान हुई झड़पों की जांच अब कई नए पहलुओं तक पहुंच गई है.

दिल्ली पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान ऐसे संकेत मिले हैं कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की भीड़-नियंत्रण रणनीतियों का सामना करने के तरीकों के बारे में एआई आधारित प्लेटफॉर्म से जानकारी खोजी हो सकती है. हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस संबंध में कोई अंतिम निष्कर्ष घोषित नहीं किया है. जांच में यह भी देखा जा रहा है कि प्रदर्शन के दौरान आंसू गैस के प्रभाव को कम करने के लिए गीले जूट के बैग जैसे उपाय अपनाए गए. ऐसी जानकारी संभवतः ऑनलाइन या एआई टूल्स के माध्यम से प्राप्त की गई होगी. फिलहाल यह जांच का विषय है, स्थापित तथ्य नहीं. इसके साथ ही पुलिस हार्ड हैट, फेस मास्क और सुरक्षात्मक चश्मों के कथित वितरण की भी जांच कर रही है. सूत्रों का दावा है कि ये सामान प्रदर्शन से पहले और प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रतिभागियों को उपलब्ध कराए गए थे. जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि इनका उद्देश्य केवल सुरक्षा था या पुलिस कार्रवाई का सामना करने की तैयारी.

▶आंसू गैस के प्रभाव को कम करने गीले जूट बैग का उपयोग

गुरुवार से फिर शुरू हुई चारधाम यात्रा

देहरादून 30 जुलाई. उत्तराखंड में चारधाम यात्रा दो दिन स्थगित रहने के बाद आज गुरुवार को फिर से संचालित की गई. यात्रा प्रशासन के विशेष कार्यधिकारी (एसओडी) प्रजापति नौटियाल ने यह जानकारी दी. शासन और गढ़वाल आयुक्त के निर्देशानुसार गुरुवार को यात्रा सुबह 6 बजे से सुचारु संचालित कर दी गई है. अगर आगे शासन और सरकार की ओर से कुछ अपडेट आते हैं, तो आपके माध्यम से हम श्रद्धालुओं तक पहुंचाएंगे. इससे पहले, चारधाम यात्रा मार्ग कई स्थानों पर भूस्खलन से अवरूद्ध होने और भारी बारिश का अलर्ट के कारण यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत 28 जुलाई और 29 जुलाई के लिए चारधाम यात्रा स्थगित की गई थी.

मध्य प्रदेश समेत 20 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, 30 जुलाई. देश के कई हिस्सों में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. भारतीय मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.

मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिम मध्य छत्तीसगढ़ और विदर्भ के आसपास बने गहरे अवदाब के कारण मध्य भारत में बारिश की गतिविधियां बढ़ने वाली हैं. मौसम प्रणाली के प्रभाव से 30 जुलाई और 31 जुलाई को मध्य महाराष्ट्र में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. वहीं, 30 जुलाई को मराठवाड़ा, तेलंगाना और विदर्भ के कुछ हिस्सों में भी तेज बारिश का अनुमान जताया गया है. गुजरात क्षेत्र में 31 जुलाई और 1 अगस्त को भारी बारिश हो सकती है.

एक नजर में

चीन आर्टिफिशियल सूरज बना रहा

नई दिल्ली. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है. सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में उन्होंने चीन की वैज्ञानिक उपलब्धियों का उदाहरण देते हुए भारत में विकास कार्यों की रफ्तार पर सवाल उठाए. केजरीवाल ने कहा कि चीन आर्टिफिशियल सूरज यानी न्यूक्लियर फ्यूजन तकनीक पर आधारित परियोजना विकसित कर रहा है, जो भविष्य में स्वच्छ और असीम ऊर्जा का बड़ा स्रोत बन सकती है. उन्होंने कहा कि यदि यह परियोजना सफल होती है तो ऊर्जा क्षेत्र में दुनिया के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकती है. उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर चीन विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में बड़े लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जबकि दूसरी ओर भारत में सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे की समस्याएं अब भी बनी हुई हैं. उन्होंने कहा कि एक बारिश के बाद कई शहरों में जलभराव और अव्यवस्था देखने को मिलती है, जो विकास के दावों पर सवाल खड़े करती है.

बाढ़ प्रभावित राज्यों को केंद्र का पूरा समर्थन

अरुणाचल-नागालैंड बाढ़ पर प्रधानमंत्री मोदी ने ली बैठक

नई दिल्ली, 30 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद भवन में अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के सांसदों के साथ बैठक कर दोनों राज्यों में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत समीक्षा की. बैठक में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों की मौजूदा स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति तथा पुनर्वास की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई.

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए दोनों राज्य सरकारों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है. उन्होंने आश्वासन दिया कि राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जरूरत के अनुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी.

> प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उन्होंने अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के सांसदों के साथ बाढ़ के बाद बने हालात पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार संबंधित राज्य सरकारों के साथ मिलकर चुनौतियों का सामना करती रहेगी और सभी प्रभावित लोगों की सुरक्षा एवं कुशलता के लिए प्रार्थना की. हाल के दिनों में भारी बारिश के कारण अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के कई हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं. कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है और अनेक परिवार प्रभावित हुए हैं.

Kolhapur Municipal Corporation
City Water Supply & Drainage Division

E-Tender (mahatenders.gov.in) Extension 2st

Tender Notice No.	Publish date	News Paper name	Extension No.
४१/ २०२६-२७	१५/०७/२०२६	Navbharat (H)	१

Due to no Response for the above work, date Extension is being given From Date २९/०७/२०२६ to Date ०३/०८/२०२६.

The Terms & Conditions of Earlier Tender will be same.

हस्तियों के ट्वीट

मध्यप्रदेश के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि - आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार, ग्वालियर और मध्य प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन को लेकर यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत की संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण साबित होगा.

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि हमारे युवाओं के सपनों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता. लोकसभा द्वारा पारित सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026, योग्यता की रक्षा करने और सार्वजनिक परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है.

हुजूर, मैं जिंदा हूं बोलकर लगाई गुहार

प्रयागराज, 30 जुलाई. इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए. प्रयागराज जिले की तहसील हंडिया के ब्लॉक प्रतापपुर स्थित वारी गांव निवासी चंदा देवी को सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया. इसके आधार पर नागरिक आपूर्ति विभाग ने उनका राशन कार्ड भी निरस्त कर दिया, जिससे वह सरकारी खाद्यान्न योजना के लाभ से वंचित हो गईं. अपनी जीवित होने के बावजूद सरकारी फाइलों में मृत दर्ज किए जाने से परेशान चंदा देवी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया. उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि उनका राशन कार्ड बहाल कराया जाए और रिकॉर्ड में की गई गलती को तत्काल सुधारा जाए. मामले की सुनवाई जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने की. सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों ने देखा कि जिस महिला का राशन कार्ड इस आधार पर रद्द किया गया कि उसकी मृत्यु हो चुकी है, वही महिला अदालत में स्वयं उपस्थित होकर अपने जीवित होने का दावा कर रही है.

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

सतर्कता सूचना/Caution Notice

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) प्रबंधन के संज्ञान में यह गंभीर विषय आया है कि कुछ जालसाज तत्वों द्वारा एसईसीएल का फर्जी लेटरपैड और जाली मुहर (सील) का अवैध रुप से उपयोग कर धोखाधड़ी की जा रही है। ये ठग मुख्य रुप से एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निशाना बना रहे हैं। ये जालसाज व्यक्ति फर्जी पत्र भेजकर या फोन कॉल के माध्यम से लोगों से संपर्क करते हैं और झुठा दावा करते है कि कर्मचारी का बकाया राशि भुगतान के लिए शेष है। इस बकाया राशि को दिलाने का वादा करके, वे एडवांस के तौर पर एक निश्चित धनराशि किसी बैंक खाते में जमा करने या नकद देने की मांग करते हैं। समय पर एडवांस जमा करने पर तीन गुना राशि दिलाने का भी लालच देते हैं।

इस संदर्भ में, एसईसीएल प्रबंधन अपने सभी वर्तमान व सेवानिवृत्त कर्मचारियों, उनके आश्रितों, स्थानीय निवासियों और आम जनता को सतर्क करना चाहता है कि किसी भी प्रकार की शिकायत, रोजगार संबंधी मामलों, सेवा लाभ, मुआवजे या अन्य किसी भी आधिकारिक कार्य के लिए केवल संबंधित एसईसीएल क्षेत्रीय कार्यालय या एसईसीएल के अधिकारियों से ही संपर्क करें। एसईसीएल में किसी भी कार्य को सुविधाजनक बनाने या प्रभावित करने का दावा करने वाले किसी भी बाहरी व्यक्ति, निजी एजेंट, बिचौलिए या अनाधिकृत व्यक्ति से संपर्क न करें और न ही उनके झांसे में आएं।

एसईसीएल प्रबंधन यह स्पष्ट करना चाहता है कि एसईसीएल ने धन एकत्र करने या रोजगार, नियुक्तियों, सेवानिवृत्ति लाभों, मुआवजे या किसी अन्य आधिकारिक मामले के संबंध में कोई आश्वासन देने के लिए किसी भी व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया है। यदि आपको सीएमडी कार्यालय या एसईसीएल मुख्यालय के नाम से कोई ऐसा पत्र, ईमेल या फोन कॉल प्राप्त होता है जिसमें पैसों की मांग की गई हो या ऐसा कोई प्रलोभन दिया गया हो, तो वह पुर्णतः फर्जी है। कृपया किसी के भी बहकावे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई किसी अनजान बैंक खाते में न डालें और न ही किसी को नकद दें। यदि कोई व्यक्ति ऐसी मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत अपने निकटतम एसईसीएल कार्यालय एवं स्थानीय पुलिस को दें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

जारीकर्ता: प्रबंधन, एसईसीएल

चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस में युवक की संदिग्ध मौत- लखनऊ, 30 जुलाई. ट्रेन संख्या 15012 चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस में गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से यात्रियों और रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया.

कार्यालय नगर परिषद शहपुरा, जिला-डिण्डौरी (म.प्र.)
Email : cmoshahpuradidori@gmail.com Phone : 07640-230224

एन.आई.टी.क्र./580/ न.प./2026-27 | **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** | शहपुरा, दिनांक : 30/07/2026

नगर परिषद शहपुरा जिला डिण्डौरी अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ई-निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत लागत (रूपये में)	निविदा फार्म का शुल्क (रूपये में)	ठेके की समयावधि
1	2	3	4	5	6
2026_UAD_525256	वार्ड क्र.06 तुलसीदास गुप्ता के घर से बनवासी मोहल्ला तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।(तृतीय आमंत्रण)	2.54	5100.00	2000.00	06 माह वर्षाकाल सहित
2026_UAD_525257	वार्ड क्र.06 तुलसीदास गुप्ता के घर से बनवासी मोहल्ला तक नाली निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	2.49	5000.00	2000.00	

शर्ते- ऑनलाईन निविदा खरीदने एवं सबमिट करने की अंतिम तिथि 12/08/2026 सायं 5:30 बजे तक है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(दिनेश कुमार धानेश्वर)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद शहपुरा

HSBC MUTUAL FUND

NOTICE

NOTICE is hereby given to all the Investor(s)/ Unit holder(s) of HSBC Mutual Fund ("the Fund") that in accordance with Regulation 54 and 56 of Securities and Exchange Board of India (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with para 5.4.5 of SEBI Master Circular dated June 27, 2024, the Annual Report and the Abridged Annual Report of all schemes of the Fund for the year ended March 31, 2026, have been hosted on the Fund's website at www.assetmanagement.hsbc.com/in and on AMFI's website at www.amfiindia.com.

Investors/ Unit holders can also submit a request for a physical or electronic copy of the scheme wise annual report or abridged summary thereof through following modes:

Email: investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in
Call: Toll free number(s) - 1800-4190-200/ 1800-200-2434 or +91 44 39923900 (Investors calling from abroad) between Monday to Saturday (9:00 AM to 6:00 PM)

Additionally, Unit holders may also contact Investor Service Centres.

Further, Unit holders are encouraged to register their email id with us for receiving periodic updates on emails.

For & on behalf of **HSBC Asset Management (India) Private Limited**
(Investment Manager to HSBC Mutual Fund)

Sd/-
Authorised Signatory
Mumbai, July 30, 2026

HSBC Asset Management

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

HSBC Asset Management (India) Private Limited, 9-11 Floors, NESCO IT Park, Building no. 3, Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai – 400 063, India.
Email: investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in, Website: www.assetmanagement.hsbc.co.in
Customer Service Number - 1800 200 2434/ 1800 4190 200
Issued by HSBC Asset Management (India) Private Limited
CIN-U74140MH2001PTC134220